धनबाद, रविवार
25 नवंबर 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित




भ्रष्टाचार में ब्राजील के दो पूर्व राष्ट्रपतियों के खिलाफ मुकदमा शुरू 13    छह गोल्ड जीतने वाली पहली महिला बॉक्सर बनीं 12



# अलंकरण समारोह में डीपीएस के मेधावी सम्मानित

जागरण संवाददाता, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में शनिवार को स्कॉलर बैज समारोह 2018 आयोजित किया गया। समारोह में पहली कक्षा से नौंवी कक्षा तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को सत्र 2017-18 में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने हेतु सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आसनसोल रेलमंडल के वरीय सुरक्षा आयुक्त डॉ एएन झा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के छात्रों ने प्रार्थना गीत से की। समारोह में मुख्य अतिथि ने 81 अति मेधावी छात्रों को विशिष्ट प्रशस्ति पत्र एवं स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया।

छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इसका सभी ने भरपूर आनंद लिया, मुख्य अतिथि डॉ झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने में अन्य साधनों के साथ-साथ शिक्षा का अहम योगदान होता है, शिक्षा ही उन सभी मार्गों को प्रशस्त करती है जो सफलता की ओर जाते हैं, इसलिए कठिन परिश्रम से शिक्षा अर्जन को अपना लक्ष्य बनाकर चलना छात्र का धर्म होना चाहिए, इस दौरान प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा छात्रों की इस उपलब्धि में अभिभावकों का भी उतना ही योगदान है जितना अध्यापकों और छात्रों का। परिवार का वातावरण बच्चे को सही दिशा निर्देश देने का सर्वोत्तम साधन है, इसी के साथ उन्होंने छात्रों को प्रत्येक क्षेत्र में अपना शत- प्रतिशत देकर सफलता को सुनिश्चित करने का मंत्र भी दिया। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रबंध न्यासी प्रतीक गोयनका ,समेत छात्र तथा बड़ी संख्या में अभिभावकों ने शिरकत की।




सम्मानित करते वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त डॉ . एएन झा साथ में प्रधानाचार्य आरडी शर्मा • जागरण